http://www.mpboardonline.com

Serial Number
↓

Roll No. ..................................

Total No. of Questions : **28**

Total No. of Printed Pages : **8**

# P-902

High School, Examination (Regular) - 2020

## हिन्दी (सामान्य)

## HINDI (General)

Time : **3** Hours ] [ Maximum Marks : **100**

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

**निर्देश :**

(i) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये **1×5=5 अंक** निर्धारित हैं। कुल अंक **1×5×5=25** हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक **6** से **15** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **दो–दो** अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग **30** शब्द है।

(iii) प्रश्न क्रमांक **16** से **21** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **तीन–तीन** अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग **30** से **75** शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक **22** से **24** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार–चार अंक** निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग **75** से **120** शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक **25** से **27** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **पाँच–पाँच** अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग **120** से **150** शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक **28** के लिए शब्द सीमा लगभग **200** से **250** शब्द निर्धारित है। **खण्ड–अ** के लिए **7** अंक तथा **खण्ड–ब** के लिए **3** अंक इस प्रकार **7+3=10** अंक निर्धारित हैं।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

1 सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – 1×5=5

(i) तुलसीदासजी के इष्ट ________ हैं । (श्रीराम / श्रीकृष्ण)

(ii) राष्ट्र–संवर्धन का सबसे प्रबल कार्य ________ की साधना है । (संस्कृति / दुर्गति)

(iii) 1932 में महामना मालवीय जी ने प्रयाग में ________ बुलाया था । (परिचय सम्मेलन / एकता सम्मेलन)

(iv) 'कमल' का पर्यायवाची शब्द ________ है । (फूल / पंकज)

(v) संधि ________ प्रकार की होती है । (तीन / छः)

2 सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1×5=5

(i) बरखा के भय से डरी–डरी दूर कही ________ बजती है ।

(अ) वीणा (ब) बाँसुरी

(स) सितार (द) वायलिन

(ii) साँझ ने सारे नगर पर डाल दी है –

(अ) एक चादर (ब) एक ओढ़नी

(स) एक रजाई (द) एक दुलाई

(iii) गौवर्ण ने एक–एक श्लोक का अर्थ व्याख्या सहित समझाया –

(अ) रामचरितमानस का (ब) रामायण का

(स) विष्णुपुराण का (द) गीता का

(iv) 'आश्रय' शब्द है –

(अ) तत्सम (ब) तद्भव

(स) देशज (द) विदेशी

(v) रचना के आधार पर वाक्य के भेद होते हैं –

(अ) एक (ब) तीन

(स) दो (द) चार

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

3 सत्य / असत्य का चयन कर लिखिए : 1×5=5

(i) डॉ. कटारिया के अनुसार हास्य के 30 प्रकार के व्यायाम ईजाद किये गये हैं ।

(ii) शबरी ने राम को खट्टे बेर खिलाए थे ।

(iii) मीरा के पद में 'फागुन के दिन चार रे' है ।

(iv) सबसे आगे रहने वाला 'अग्रणी' कहलाता है ।

(v) 'मैंने सुंदर साड़ी पहना' यह एक शुद्ध वाक्य है ।

4 सही जोड़ी बनाइये : 1×5=5

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | बेला | – | महाकवि माघ |
| (2) | कर्मवीर कविता | – | अंधेर नगरी |
| (3) | भारतेन्दु | – | छोटी बहू |
| (4) | बरखा गीत | – | ओज गुण प्रधान |
| (5) | उज्जयिनी | – | रमानाथ अवस्थी |
| | | – | बड़ी बहू |

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए : http://www.mpboardonline.com 1×5=5

(i) मगध का सेनापति कौन था ?

(ii) लोग समय को लेकर क्या बहाना बनाते हैं ?

(iii) सन्नाटा कविता किसके द्वारा लिखी गयी है ?

(iv) दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से नवीन शब्द बनाने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं ?

(v) बारह माह में होने वाली परीक्षा को क्या कहा जाता है ?

6 नए शिकारे का मल्लाह कौन था ? उसके हाथ बड़ी फुरती से क्या चला रहे थे ? 2

अथवा

स्वभाव से साधु किन्हे कहा जाता है ?



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

7 तनाव के कारण कौन–कौन से रोग उत्पन्न होते हैं ? उनके नाम लिखिए । 2

**अथवा**

अरविन्द ने कौन–कौन सी भाषाएँ सीखी ? नाम लिखिए ।

8 आत्मकथा किसे कहते हैं ? कोई एक आत्मकथाकार का नाम एवं उसका शीर्षक लिखिए । 2

**अथवा**

निबन्ध के कोई दो प्रधान लक्षण लिखिए ।

9 'रेखाचित्र' किसे कहते हैं ? इस विधा के कोई दो लेखकों के नाम लिखिए । 2

**अथवा**

उपन्यास के छः तत्व लिखते हुए कोई दो उपन्यासकारों के नाम लिखिए ।

10 राजेश लीला गोपाल पंकज और हीरा पढ़ रहे हैं । इस वाक्य में उचित विराम चिह्न का प्रयोग कर वाक्य को पुनः लिखिए । 2

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए :

आम्र, घोटक

11 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 2

मौखिक, दुर्लभ

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

उद्यान, सूर्य

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

12 संधि और समास में कोई दो अन्तर लिखिए । 2

अथवा

रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार कितने और कौन–कौन से होते हैं ? नाम लिखिए ।

13 वाक्यांशों के लिए एक–एक शब्द लिखिए – 2

आवश्यकता से अधिक बरसात –

ऋषियों के तप करने की भूमि –

अथवा

अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए –

कश्मीर में कई दर्शनीय स्थल देखने योग्य हैं ।

बालिकाएँ मैदान में खेल रहे हैं ।

14 मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए – 2

आँखों का तारा

मैदान मारना

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए –

रिंकू कल भोपाल जाएगा । (निषेधात्मक)

अवध प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो गया । (विस्मयादिबोधक)

15 देशज शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए । 2

अथवा

लोकोक्ति किसे कहते हैं ? कोई एक लोकोक्ति लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

16 होली में अम्बर कैसा हो गया है ? 3

अथवा

बुरे दिन भी भले कब हो सकते हैं ?



http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

17 राष्ट्र की महानता को उजागर करने वाले किन पौराणिक महानायकों का उल्लेख प. रामनरेश त्रिपाठी ने अपनी कविता में किया है ? 3

अथवा

'शबरी' कविता में स्वागत का सुविधान से कवि का क्या तात्पर्य है ?

18 कवि दिवाकर वर्मा विषधरों को कीलने के लिए कौन सी युक्ति सुझाते हैं ? 3

अथवा

कवयित्री उषाराजे सक्सेना के अनुसार जलता हुआ बल्ब सन्नाटे में कैसा लग रहा है ?

19 'सूखी डाली' एकांकी में 'बरामदा' क्या है ? यहाँ घर की स्त्रियाँ कौन–कौन से कार्य करती हैं ? 3

अथवा

अजमेर में महावीर प्रसाद द्विवेदीजी ने एक साल तक तार का काम सीखने के बाद जी.आई.पी. रेलवे में कौन सी नौकरी पायी और अपने लिए कितने आदर्श या सिद्धान्त निश्चित किये ?

20 सरदार पूर्णसिंह के अनुसार मजदूरी और फकीरी का महत्त्व लिखिए । 3

अथवा

समय के सम्बन्ध में अंग्रेजी की मशहूर कहावत कौन सी है ? समय के महत्त्व को दो पंक्तियों में लिखिए ।

21 राजा आनन्दपाल के मन में कौन सी कुटिलता समाई हुई थी ? 3

अथवा

कर्ज लेने वाला व्यक्ति जीवन से क्यों हार जाता है ?

22 'पायो नाम चारू चिंतामनि' से कवि तुलसीदासजी का क्या आशय है ? 4

अथवा

मीरा बाई के अनुसार 'रामरतन रूपी धन' अमोलक या अमूल्य क्यों है ? लिखिए ।

23 कथन को स्पष्ट कीजिए :– 4

"प्रकृति परमात्मा का ही एक रूप है ।"

अथवा

"प्रसन्न व्यक्ति की ओर लोग सदैव आकर्षित होते हैं ।"



http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

24 पद्यांश की सन्दर्भ – प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – 4

पर्वतों को काटकर सड़कें बना देते हैं वे ।
सैकड़ों मरूभूमि में नदियाँ बहा देते हैं वे ॥
गर्भ में जल–राशि के बेड़ा चला देते हैं वे ।
जंगलों में भी महा–मंगल रचा देते हैं वे ॥

**अथवा**

इस नदी की धार में ठंडी हवा
आती तो है,
नाव जर्जर ही सही, लहरों से
टकराती तो है ।

25 अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

व्यक्ति जिस प्रकार अपने सम्मान और अपने लोगों के प्रति चिंतित रहता है, वैसी ही चिंता उसे अपने देश के प्रति भी रखना है । व्यक्ति के आचरण से ही देश के गौरव और सम्मान का निर्धारण किया जाता है । व्यक्ति का चिंतन देश परक होगा तो देश की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी । अपने देश का गौरव बढ़ाने के लिए देश के प्रत्येक नागरिक को अपने भीतर देश के लिए शक्ति बोध और सौन्दर्य बोध जागृत करना पड़ेगा । आम नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करके प्रत्येक देशवासी अपने देश को समुन्नत और सुन्दर बना सकता है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

(ii) देश की प्रतिष्ठा कब बढ़ेगी ?

(iii) 'देश' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।

(iv) प्रत्येक देशवासी अपने देश को सुन्दर और उन्नत कैसे बना सकता है ?



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

26 पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

मैं तुम्हारे गालों को
बीमार ओठों की छुअन से नही जलाऊँगा
तुम इसी तरह मुस्कुराते सोये रहो
सूरज खुद तुमको जगाएगा ।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

(ii) सोए हुए बच्चे को कौन जगाएगा ?

27 शुल्क मुक्ति के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए । 5

**अथवा**

प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए ।

28 (अ) किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : 7+3=10

(i) साहित्य और समाज

(ii) पुस्तकालय

(iii) वृक्षारोपण एवं वन संरक्षण

(iv) जीवन में खेलों का महत्व

(v) इन्टरनेट का बढ़ता प्रयोग

(ब) किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए :

(i) पर्यावरण प्रदूषण और उसकी रोकथाम

(ii) भारतीय नारी

(iii) जल ही जीवन

http://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com